SANDESH
HPPCL E-Newsletter
October-December, 2020
Vol. II/2020|Issue XXIII

## श्री अमित कश्यप बने प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

श्री अमित कश्यप, आई.ए.एस. ने 2 नवम्बर, 2020 को हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक का कार्यभार संभाला। श्री अमित कश्यप 2008 बैच के आई.ए.एस. अधिकारी है । इससे पूर्व उन्होंने जिलाधीश, शिमला और विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाऐं सरकार में दी है ।



श्री अमित कश्यप, आई.ए.एस., प्रबंध निदेशक, हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड

## ऊर्जा मंत्री ने किया सावड़ा कुडडू जल विद्युत परियोजना का दौरा

श्री सुखराम चौधरी, ऊर्जा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार ने 6 नवंबर, 2020 को 111 मेगावॉट की सावड़ा कुडडू जल विद्युत परियोजना का दौरा किया। उन्होंने परियोजना के पॉवर हाऊस और बैराज का निरीक्षण भी किया ।



ऊर्जा मंत्री, श्री सुखराम चौधरी, परियोजना का निरीक्षण करते हुए

हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा निर्मित यह जल विद्युत परियोजना जिला शिमला के तहसील जुब्बल में पब्बर नदी पर स्थित है।

श्री सुखराम चौधरी ने कहा कि सावड़ा कुडडू जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है । ऊर्जा मंत्री ने परियोजना में कार्यरत परियोजना अधिकारियों, कर्मचारियों व निर्माण कार्य में लगी कम्पनीयों की सराहना की ।

श्री चौधरी ने कहा कि इस परियोजना के निर्माण में कई बार कठिन एवं विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। यह परियोजना इंजीनियरिंग मानकों पर एक चुनौतिपूर्ण परियोजना रही ।

ऊर्जा मंत्री ने 400 x 220 केवी सब स्टेशन गुम्मा का निरीक्षण भी किया । उन्होंने अधिकारियों को इस सबस्टेशन के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए । उन्होंने हाटकोटी में स्थानीय जनता की समस्याऐं भी सुनी । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोहड़ू और जुब्बल उप–मण्डल में शीघ्र ही 116 नए ट्रांस्फार्मर लगाए जाऐंगे और 6 नए कन्ट्रोल प्वाईंटस स्थापित किए जाऐंगे जिससे स्थानीय लोगों का बिजली की समस्या से निजात मिल पाएगी। इस अवसर पर श्री मनमोहन शर्मा, निदेशक कार्मिक एवं वित्त; श्री धर्म सिहं ठाकुर, निदेशक सिविल; श्री शशि कान्त जोशी, निदेशक विद्युत एवं श्री विनय मानन, महाप्रबन्धक, सावड़ा कुडडू जल विद्युत परियोजना और हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे ।



**निगम के निदेशक (कार्मिक एवं वित्त) श्री मनमोहन शर्मा, ऊर्जा मंत्री का स्वागत करते हुए**



**पुलिस के जवान ऊर्जा मंत्री को गार्द पेश करते हुए**



**ऊर्जा मंत्री, श्री सुखराम चौधरी, परियोजना का निरीक्षण करते हुए**

## ऊर्जा मंत्री ने की हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ चर्चा

श्री सुखराम चौधरी, ऊर्जा मंत्री, हिमाचल प्रदेश सरकार ने 11 नवंबर ,2020 को हिमाचल प्रदेश पॉवर कार्पोरेशन के कार्यालय में निगम के अधिकारियों के साथ निगम द्वारा निर्मित की जा रही जल विद्युत



ऊर्जा मंत्री, श्री सुखराम चौधरी, निगम के अधिकारियों के साथ परिचर्चा करते हुए

परियोजनाओं पर परिचर्चा की। इस अवसर पर उन्हें एक प्रेसेन्टेशन के माध्यम से निगम द्वारा निर्मित एवं निर्माणाधीन परियोजनाओं पर जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश जल विद्युत दोहन में कुल क्षमता का पच्चास प्रतिशत दोहन भी नहीं कर पाया है। इस दिशा में प्रदेश सरकार कार्य कर रही है जिससे कि वर्षो से लटकी जल विद्युत परियोजनाओं को पूर्ण किया जा सके। उन्होंने निगम के अधिकारियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के अनुसार समयअवधि में परियोजनाओं को पूर्ण करने को कहा जिससे कि प्रति मेगॉवाट लागत में कमी आये और उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सके।

इसके अलावा उन्होंने सौर ऊर्जा में सम्भावनाएं तलाशने और इस दिशा में प्रयास करने का संकल्प दोहराया। उन्होंने निगम के अधिकारियों को निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाओं में तेजी लाने के भी दिशा निर्देश दिये।

इस अवसर पर श्री अमित कश्यप, प्रबंध निदेशक; श्री मनमोहन शर्मा, निदेशक कार्मिक एवं वित्त; श्री धर्म सिहं ठाकुर, निदेशक सिविल; श्री शशि कान्त जोशी, निदेशक विद्युत और निगम के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित थे ।

## एएफडी के अधिकारिओं ने किया दो परियोजनाओं का दौरा

फ्रैंच डवलपमेंट एजेंसी एएफडी के अधिकारिओं ने 20 अक्तूबर, 2020 को हिमाचल प्रदेश पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटिड द्वारा निर्मित की जा रही दो परियोजनाओं का दौरा किया।

उन्होंने दोनों परियोजनाओं के इन्टेक क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। ये दो जल विद्युत परियोजनाऐं क्रमशः देवथल–चांजु जल विद्युत परियोजना (30 मेगावॉट) और चांजु–III (48 मेगावॉट ) रन ऑफ रिवर



एएफडी टीम चम्बा जिले में परियोजनाओं के दौरे पर

स्कीम के तहत हिमाचल प्रदश पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा चांजु नदी बेसिन पर चम्बा जिले में निर्मित की जा रही हैं। एएफडी ने वर्ष 2017 में भारत सरकार के साथ इन दो जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण के लिए 80 मिलियन यूरो का लोन हस्ताक्षरित किया है। श्री अजय कुमार जस्टा, उप महाप्रबन्धक, कॉर्पोरेट प्लानिंग, एएफडी टीम के साथ थे।

इन जल विद्युत परियोजनाओं से प्रति वर्ष 280 जी डबल्यू एच विद्युत उत्पादन होगा और वार्षिक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी । इन परियोजनाओं से किसी तरह का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन नहीं होगा जिससे परियोजनाओं का सामाजिक परिदृष्य बेहतर होगा।

देवथल चांजु जल विद्युत परियोजना की तकनीकी आर्थिक मंजूरी 22.07.2015 और चांजु–III (48 मेगावॉट) की 14.07.2015 को ऊर्जा विभाग से प्राप्त की जा चुकी है।

## HPPCL celebrates 14th Raising Day with simplicity

HPPCL celebrated 14th Raising Day with simplicity on 18th December, 2020 due to Covid-19 pendemic outbreak. The HPPCL Flag was unfurled by Sh. Amit Kashyap, Managing Director, HPPCL on the occasion at Corporate Office.



**Sh. Amit Kashyap,IAS, Manging Director unfurling HPPCL Flag on Raising Day**

**FOR FEEDBACK AND SUBSCRIPTION, WRITE TO US AT:**

Rahul Lotheta, Manager (PR),
Editor, e-Newsletter,
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009 (H.P.).
Email: enewsletter@hppcl.in
prohppcl@gmail.com

**EDITORIAL BOARD**
Sh. Manmohan Sharma, Patron
Sh. Ved Prakash Sharma, Advisor
Sh. Rahul Lotheta, Editor
Sh. Rajiv Thakur, IT Support

**PUBLISHED BY:**
Himachal Pradesh Power Corporation Ltd., Corporate Office, Himfed Building, BCS, New Shimla, Shimla-171009 (H.P.).
Email: enewsletter@hppcl.in